भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1999
गुरुवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

तिरुचिरापल्ली अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन पर एयर कूरियर सुविधा

1999. श्री दुरई वाइकोः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि आवश्यक अवसंरचना के बावजूद तिरुचिरापल्ली अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन पर एयर कूरियर सुविधा अभी तक चालू नहीं हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त सुविधा को चालू करने में विलंब के क्या कारण हैं;
(ख) तिरुचिरापल्ली अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन पर एयर कूरियर सुविधा शुरू करने के प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है; और
(ग) क्या सरकार का निर्यात को बढ़ावा देने, संभार तंत्र में सुधार करने और इस क्षेत्र में एमएसएमई, व्यापारियों और जनता को लाभ पहुंचाने के लिए उक्त विमानपत्तन पर सुविधा के प्रचालन में तेजी लाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग) : तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर अंतरराष्ट्रीय एयर कार्गो टर्मिनल की स्थापना भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की सहायक कंपनी एएआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड (आईक्लास) द्वारा की गई है। अंतरराष्ट्रीय कूरियर प्रचालन शुरू करने की सुविधा के लिए आंतरिक अवसंरचना भी स्थापित की गई है। एएआईसीएलएएस टर्मिनल के प्रचालनीकरण के लिए कदम उठा रहा है और उसने उक्त हवाईअड्डे पर इस सुविधा के संचालन में तेजी लाने की दृष्टि से विभिन्न विकल्पों की जांच की है। हालाँकि यह कूरियर व्यापार एजेंसियों से मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, हितधारकों से प्राप्त प्रतिक्रिया और अपनाए गए परिचालन मॉडल जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

*****